# SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

## Special 15 Questions for General Knowledge
**14/10/2019**

**1. पृथ्वी के सबसे निकट कौन-सा तारा है?**

(a) ध्रुव तारा (b) सूर्य

(c) डॉग स्टार (d) सिरियस

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 18 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

पृथ्वी के सर्वाधिक निकट स्थित तारा सूर्य है। पृथ्वी इसी सौरमंडल का एक हिस्सा है तथा सूर्य का चक्कर लगाती है। सूर्य से पृथ्वी की दूरी लगभग $149.6 \times 10^6$ किमी. है।

**2. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रह सूर्य से सबसे दूर है?**

(a) शनि (b) बृहस्पति

(c) वरुण (d) अरुण

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 7 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

वरुण ग्रह, सूर्य से सबसे अधिक दूरी पर स्थित है, यह ग्रह हल्का पीला दिखाई देता है। सूर्य से दूरी के आधार पर ग्रहों की स्थिति क्रमशः इस प्रकार है- बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, अरुण तथा वरुण।

**3. ब्रह्मांड में सबसे प्रचुर तत्व कौन-सा है?**

(a) सोना (b) ऑक्सीजन

(c) कार्बन (d) हाइड्रोजन

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 18 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

ब्रह्मांड में सबसे प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला तत्व हाइड्रोजन है। ब्रह्मांड के अधिकांश नवोदित तारें (Stars) भी अधिक मात्रा में हाइड्रोजन युक्त होते हैं। जिसके संलयन से इनमें ऊष्मा तथा प्रकाश उत्पन्न होता है। ब्रह्मांड में हीलियम दूसरे नंबर का प्रचुर तत्व है।

**4. आकाशगंगा मंदाकिनी सबसे पहले देखी थी–**

(a) गैलीलियो ने
(b) मार्टेन श्मिट ने
(c) मार्कोनी ने
(d) न्यूटन ने

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(a)**

ए. जॉर्ज लैमेन्तर द्वारा प्रतिपादित महाविस्फोट सिद्धांत के अनुसार, 15 अरब वर्ष पूर्व संपूर्ण ब्रह्मांडीय पदार्थ अत्यंत सघन पिंड के रूप में था जिसमें विस्फोट के पश्चात ब्रह्मांडीय पदार्थ चारों ओर फैल गए। यह पदार्थ ही विभिन्न गैलेक्सी के रूप में हमें दृश्य हैं।

**5. 'जॉग्रफी' शब्द किसने निर्मित किया था?**

(a) टॉलमी
(b) इराटॉस्थेनीज
(c) हिकाटस
(d) हिरोडोटस

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(b)**

इराटॉस्थेनीज का जन्म सिरिन (वर्तमान लीबिया में) में 276 ईसा पूर्व में हुआ था। इन्होंने ही भूगोल के लिए सर्वप्रथम 'जॉग्रफी' शब्द निर्मित किया था।

**6. ग्रह गति का केपलर नियम बताता है कि कालावधि का वर्ग..........के बराबर है।**

(a) अर्ध दीर्घ अक्ष

(b) अर्ध दीर्घ अक्ष के वर्ग

(c) अर्ध दीर्घ अक्ष के घन

(d) अर्ध दीर्घ अक्ष की चौथी के समानुपाती

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(c)**

केपलर के नियम के अनुसार, प्रत्येक ग्रह द्वारा सूर्य की परिक्रमा के आवर्त काल का वर्ग, अर्ध दीर्घ अक्ष (Semi-major axis) के घन के समानुपाती होता है।

**7. सूर्य, चंद्रमा तथा वे सभी वस्तुएं, जो रात के समय आसमान में चमकती हैं, ............. कहलाती हैं।**

(a) तारा (b) उपग्रह

(c) खगोलीय पिंड (d) आकाशगंगा

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 20 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(c)**

सूर्य, चंद्रमा तथा वे सभी वस्तुएं, जो रात के समय आसमान में चमकती हैं, खगोलीय पिंड कहलाती हैं।

**9. निम्नलिखित में से कौन-सा सौर परिवार से संबंधित नहीं है?**

(a) क्षुद्र ग्रह (b) धूमकेतु

(c) ग्रह (d) निहारिका

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(d)**

एक आकाशगंगा के निर्माण की शुरुआत हाइड्रोजन गैस से बने विशाल बादल के संचयन से होती है जिसे निहारिका कहते हैं। क्रमशः इस बढ़ती हुई निहारिका में गैस के झुंड विकसित हुए। निहारिका को सौरमंडल का जनक माना जाता है, उसके ध्वस्त होने व क्रोड के बनने की शुरुआत लगभग 5 से 5.6 अरब वर्षों पहले हुई। ग्रह लगभग 4.6 से 4.56 अरब वर्षों पहले बने। हमारे सौरमंडल में सूर्य (तारा), ग्रह, उपग्रह, लाखों छोटे पिंड जैसे-क्षुद्र ग्रह, धूमकेतु एवं वृहद् मात्रा में धूलकण व गैस हैं।

**10. पल्सर होते हैं–**

(a) पृथ्वी की ओर जा रहे तारे

(b) पृथ्वी से दूर जा रहे तारे

(c) तेजी से घूमने वाले तारे

(d) उच्च तापमान वाले तारे

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(c)**

पल्सर एक उच्च चुंबकीय, घूर्णन करने वाला न्यूट्रॉन तारा है। यह एक इलेक्ट्रोमैग्नेटिक विकिरण की बीम उत्सर्जित करता है। तेजी से घूमने के कारण ही इसका नाम पल्सर है।

**11. निम्नलिखित में से कौन-सी अभिक्रिया सूर्य से विकिरित होने वाली ऊर्जा का मुख्य कारण है?**

(a) नाभिकीय विखंडन (b) नाभिकीय विलय

(c) रासायनिक अभिक्रिया (d) विसरण अभिक्रिया

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 1 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

**12. पृथ्वी, सूर्य से अपनी अधिकतम दूरी पर होती है—**

(a) 30 जनवरी को (b) 22 दिसंबर को

(c) 22 सितंबर को (d) 4 जुलाई को

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

पृथ्वी सामान्यतः 4 जुलाई को सूर्य से अधिकतम दूरी पर जबकि 3 जनवरी को न्यूनतम दूरी पर होती है। इन परिघटनाओं को क्रमशः अपहेलियन (अपसौर) एवं पेरीहेलियन (उपसौर) कहते हैं। सामान्यतः इस परिघटना की यही तिथि रहती है परंतु उनमें थोड़ा बहुत परिवर्तन हो सकता है।

**13. किस दिन पृथ्वी सूर्य के सबसे निकट होती है?**

(a) 23 सितंबर (b) 3 जनवरी

(c) 4 जुलाई (d) 21 मार्च

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

**14. सूर्य के चारों ओर घूमने वाले ग्रहों की कुल संख्या कितनी है?**

(a) पांच (b) आठ

(c) सात (d) छह

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

सूर्य के चारों ओर घूमने वाले ग्रहों की कुल संख्या 8 है। इनमें बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, अरुण और वरुण हैं।

**15. निम्नलिखित में से कौन-सा एक विशालतम ग्रह है?**

(a) बृहस्पति (b) शुक्र

(c) शनि (d) यूरेनस

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

सौरमंडल में आकार की दृष्टि से ग्रहों का क्रम इस प्रकार है—

| | | |
|---|---|---|
| बृहस्पति (Jupiter) | – | व्यास 142984 किमी. |
| शनि (Saturn) | – | व्यास 120536 किमी. |
| अरुण (Uranus) | – | व्यास 51118 किमी. |
| वरुण (Neptune) | – | व्यास 49528 किमी. |

**16. सौर परिवार का सबसे बड़ा ग्रह है—**

(a) पृथ्वी (b) मंगल

(c) शनि (d) बृहस्पति

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2009**

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(d)**